जांच ब्यूरो द्वारा जांच करा रही है/जांच कराने की विचार रखती है;

(ख) क्या सरकार स्वतंत्र एंव निष्पक्ष जांच कराने के लिए जांच-प्रक्रिया पूरी होने तक कुलपति को उनके पद से हटाने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार की इस संबंध में प्रतिक्रिया क्या है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (डा० मुरली मनोहर जोशी): (क) से (ग) केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति तथा अन्य लोगों के खिलाफ कुछ शिकायतें भेजी हैं। इस मंत्रालय द्वारा प्रारंभिक जांच की गई थीं तथा रिपोर्ट केन्द्रीय सतर्कता आयोग के पास भेज दी गई थीं। आयोग ने मंत्रालय से कुछ स्पष्टीकरण तथा विचार मांगे हैं जो भेजे जा रहे हैं। इसी बीच कुलपति के सेवानिवृत्त होने पर एक नये कुलपति की नियुक्ति पहले ही कर दी गई है तथा उन्होंने अपना कार्यभार भी संभाल लिया है।

Education as a Fundamental Right

1157. SHRI NILOTPAL BASU: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether Government are considering to accept Education as a fundemental Right in the constitution; and

(b) if not, the reasons thereof?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI HANOHAR JOSHI): (a) and (b) The report of the Parliamentary Standing Committee on the Constitution (Eighty-Third Amendment) Bill, 1997 is under examination. It is felt that a wider debate on the implications of the proposed legislation should be initiated.

फैजाबाद और इलाहाबाद के बीच चलने वाली "सरयू एक्सप्रेस" को "फास्ट पैसेंजर ट्रेन" में बदलना

1158. **श्री सूर्यभान पाटील वहाडणे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार फैजाबाद और इलाहाबाद स्टेशनों के मध्य चलने वाली रेलगाड़ी "सरयू एक्सप्रेस" को "फास्ट पैसेंजर ट्रेन" के रूप में परिवर्तित करने का विचार रखती है जिससे कि उक्त रेलगाड़ी से छोटी दूरी की यात्रा करने वाले यात्री कम किराए पर यात्रा कर सकें;

(ख) यदि हां, तो ततसंबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि उक्त रेलगाड़ी दोनों स्टेशनों के मध्य स्थित लगभग सत्तर प्रतिशत स्टेशनों पर ठहरती है, क्या सरकार शीघ्र ही उसे "फास्ट पैसेंजर" घोषित करेगी जिससे अधिकाधिक संख्या में लोग लाभान्वित हो सकें?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं। 4125/4126 फैजाबाद-इलाहाबाद सरयू एक्सप्रेस गाड़ियां भागवर्ती 21 स्टेशनों में से केवल 10 स्टेशनों पर ठहरती हैं।

गाजियाबाद-मुरादाबाद रेल मार्ग पर दोहरी लाइन बिछाने का प्रस्ताव

1159. **श्रीमती मालती शर्मा:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार गाजियाबाद-मुरादाबाद रेल मार्ग पर दोहरी लाइन बिछाने का विचार रखती है; यदि हां तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इकहरी रेल लाइन होने के कारण यात्री गाड़ियां और माल गाड़ियां कई घंटे विलंब से चलती हैं जिससे माल के परिवहन में अनावश्यक विलंब होता है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस लाइन को अगले दो वर्षों में बदलने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): (क) जी हां, कार्य प्रगति पर है और गाज़ियाबाद और हापुड़ के बीच प्रथम चरण में है और इसका दिसंबर, 2000 तक पूरा होने का लक्ष्य है हापुड़ मुरादाबाद के चरण—II का कार्य चरण I का कार्य पूरा होने पर शुरू किया जाएगा.

(ख) जी हां;

(ग) 1998-99 के बजट में 10 करोड़ रुपये की विशेष व्यवस्था की गई है। भाग (क) के उत्तर से